पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-डी.एल. (एन.)/084/2012-14 प्रकाशित: 1.6.2013 इस अंक का मूल्य 2 रुपये




।। ओ३म् ।।

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**फरीदाबाद युवक शिविर का**

**भव्य समापन समारोह**

रविवार, 9 जून 2013, सायं 5 बजे

स्थान: राजकीय वरिष्ठ मध्यामिक विद्यालय एन. एच.-3, फरीदाबाद

आप सादर आमंत्रित है

-जितेन्द्र आर्य, संयोजक, 9210038065

वर्ष-30 अंक-01 ज्येष्ठ-2070 दयानन्दाब्द 190 1 जून से 15 जून 2013 (प्रथम अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.
प्रकाशित: 1.6.2013, E-mail : aryayouth@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

## केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् का राष्ट्रीय युवक चरित्र निर्माण शिविर

**ऐमिटी विश्वविद्यालय, सैक्टर-125, नोएडा, उ.प्र. (निकट-महामाया फलाई ओवर)**

### उद्घाटन समारोह

रविवार, 9 जून 2013, प्रात: 11 से 1 बजे तक

**मुख्य अतिथि: डॉ. योगानन्द शास्त्री**

(अध्यक्ष दिल्ली विधान सभा)

**आशीर्वाद: श्री आनन्द चौहान जी**

(निदेशक, ऐमिटी शिक्षण संस्थान)

**अध्यक्षता: श्री अजय चौहान जी**

(प्रधान, आर्य समाज डिफेन्स कॉलोनी, नई दिल्ली)

**ध्वजारोहण: श्री जितेन्द्र नरूला** (नरूला प्रापर्टीज)

**विशिष्ट अतिथि: श्री मायाप्रकाश त्यागी जी**

(प्रधान, आर्य उपप्रतिनिधि सभा, गाजियाबाद)

### भव्य समापन समारोह

रविवार, 16 जून 2013, सायं 5 से 7:30 बजे तक

**मुख्य अतिथि:**

**माननीय श्री तरूण विजय** (संसद सदस्य)

**माननीय डॉ. महेश शर्मा**

(विधायक व अध्यक्ष कैलाश अस्पताल)

**अध्यक्षता: डॉ. अशोक कुमार चौहान जी**

(संस्थापक अध्यक्ष, ऐमिटी शिक्षण संस्थान)

**आशीर्वाद: डॉ. श्रीमती अमिता चौहान जी**

(चेयरपरसन, ऐमिटी इन्टरनेशन स्कूल)

**ध्वजारोहण: माता सुषमा सर्राफ** (मनोहरलाल ज्वैलर्स)

आर्य युवकों द्वारा व्यायाम प्रदर्शन के भव्य कार्यक्रम दिखाये जायेंगे।


**सभी शिविरार्थी शनिवार, 8 जून को सांय 4 बजे तक शिविर स्थल पर पहुंच जायें।**

**आप सभी दानदाताओं से अपील है कि इस युवा निर्माण के कार्य में दिल-खोल कर सहयोग प्रदान करें, ऋषि-लंगर के लिए आटा, दाल, चावल, सब्जी, मसाले, चीनी, रिफाइन्ड, घी आदि से सहयोग प्रदान करें।**

**भवदीय**

| डा. अनिल आर्य | महेन्द्र भाई | यशोवीर आर्य | राम कुमार सिंह | धर्मपाल आर्य |
|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | महामंत्री | उपाध्यक्ष | उपाध्यक्ष | कोषाध्यक्ष |

## युनाइटेड हिन्दू फ्रन्ट का प्रतिनिधि मंडल राष्ट्रपति से मिला



गुरुवार, 16 मई 2013, युनाइटेड हिन्दू फ्रंट की ओर से राजधानी के विभिन्न हिन्दू संगठनों के 8 प्रतिनिधियों ने श्री जय भगवान गोयल के नेतृत्व में महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी जी से राष्ट्रपति भवन नई दिल्ली में भेंट की तथा लगभग 20 मिनट तक चर्चा हुई। जिसमें विषय रहें। 1. लव इन रिलेशनशीप के फैसले से भगवान कृष्ण पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को वापिस लिया जाये तथा सुप्रीम कोर्ट माफी मांगे। 2. लाल किला के सामने नेता जी सुभाष पार्क से अवैद्य कब्जा हटाया जाए। 3. रामसेतु को ऐतिहासिक धरोहर घोषित किया जाए। 4. राम जन्म भूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण एवं पूजा अर्चना की अनुमति हो। 5. लव इन जिहाद को गम्भीरता से लेकर कड़े कदम उठाए जाए। 6. पाकिस्तान से आए हिन्दुओं को हर संभव सहयोग दिया जाए।

प्रतिनिधि मंडल में शिवसेना प्रमुख श्री जय भगवान गोयल, आर्य समाज से डॉ. अनिल आर्य, हिन्दू महासभा से श्री चन्द्र प्रकाश कौशिक, सनातन धर्म से श्री रजनीश गोयनका, महन्त जय राम, मुकेश जैन आदि सम्मिलित थे।

जहां नहीं होता कभी विश्राम ।। ओ३म् ।। आर्य युवक परिषद् है उसका नाम



# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत)

के तत्वावधान में

## युवा शक्ति को चरित्रवान, देशभक्त, ईश्वरभक्त, सस्कारवान बनाने का अभियान

ओ३म्
बलमुपास्व

### 1. राष्ट्रीय युवक चरित्र निर्माण शिविर
शनिवार 8 जून से रविवार 16 जून 2013 तक
स्थान : **ऐमिटी विश्वविद्यालय, सैक्टर-125, नोएडा, उ.प्र.**
सम्पर्क : श्री संतोष शास्त्री-9868754140, श्री प्रवीन आर्य-9911404423

### 2. दिल्ली आर्य कन्या शिविर
दिनांक 19 मई से 26 मई 2013 तक.
स्थान : **आर्य समाज, सन्देश विहार, पीतमपुरा, दिल्ली**
सम्पर्क - प्रभा सेठी 9871601122 व सीमा कपूर-9968850921
उर्मिला - 9968044746, 9711161843

### 3. हापुड़ आर्य कन्या शिविर
दिनांक 26 मई से 2 जून 2013 तक
**स्थान : आर्य इन्टर कालेज, हापुड़, उ.प्र.**
सम्पर्क: श्री आनन्दप्रकाश आर्य-09837086799

### 4. राजस्थान युवक निर्माण शिविर
दिनांक 2 जून से 9 जून 2013 तक
**स्थान : डी. वी. एम. पब्लिक स्कूल नारनौल रोड**
बहरोड, जिला अलवर, राजस्थान
सम्पर्क : श्री रामकृष्ण शास्त्री, फोन: 09461405709

### 5. फरीदाबाद युवक निर्माण शिविर
दिनांक 2 जून से 9 जून 2013 तक
**स्थान : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय**
**एन.एच.-3, फरीदाबाद (हरियाणा)**
सम्पर्क : श्री वेदप्रकाश शास्त्री, फोन : 09818045919
श्री मनोज सुमन, फोन : 9810064899

### 6. पलवल युवक निर्माण शिविर
दिनांक 10 जून से 16 जून 2013 तक
**स्थान : डी.ए.वी.स्कूल, श्रद्धानन्द नगर,**
**पलवल (हरियाणा)**
सम्पर्क : स्वामी श्रद्वानन्द सरस्वती, फोन : 9416267482

### 7. झारखण्ड आर्य कन्या शिविर
दिनांक 26 मई से 2 जून 2013 तक
**स्थान : आर्य समाज, हजारीबाग, झारखण्ड**
सम्पर्क :- श्री कृष्ण प्रसाद कौटिल्य
फोन : 09430309525, 08651571706

### 8. सोनीपत आर्य कन्या शिविर
दिनांक 3 जून से 9 जून 2013 तक
**स्थान : जैन विद्या मन्दिर,सोनीपत (हरियाणा)**
सम्पर्क : श्री मनोहरलाल चावला, फोन : 09813514699
श्री हरिचन्द स्नेही, फोन : 09416693290

### 9. पटनीटॉप ध्यान-योग साधना शिविर
दिनांक 19 जून से 23 जून 2013 तक
**स्थान : पटनीटॉप, जम्मू-कश्मीर**
सम्पर्क : श्री अरूण आर्य, फोन - 09906029549

### 10. करनाल युवक निर्माण शिविर
दिनांक 18 जून से 23 जून 2013 तक
**स्थान : आर्य समाज, प्रेम नगर,करनाल (हरियाणा)**
सम्पर्क : श्री स्वतन्त्र कुमार, फोन : 09813041360
श्री हरेन्द्र चौधरी फोन : 09541555000

### 11. जम्मू युवक चरित्र निर्माण शिविर
दिनांक 24 जून से 30 जून 2013 तक
**स्थान : आर्य समाज, जानीपुर, जम्मू**
सम्पर्क : श्री सुभाष आर्य, फोन - 09419301915

### 12. जीन्द युवक चरित्र निर्माण शिविर
दिनांक 5 मई से 12 मई 2013 तक
**स्थान : जय भारत हाई स्कूल, रोहतक रोड़, जीन्द**
सम्पर्क : श्री योगेन्द्र शास्त्री, गोन : 09416138045

### 13. बिहार प्रान्तीय युवक शिविर
दिनांक 14 जुलाई से 21 जुलाई 2013 तक,
**ड्रीम लैन्ड पब्लिक स्कूल, ग्राम-कल्याणपुर,समस्तीपुर, बिहार.** श्री सुरेश आर्य, सम्पर्क:-09810189585

## सभी शिविरों के 'समापन समारोह' पर दल बल सहित पहुंचे व तन-मन-धन से सहयोग प्रदान करें

**निवेदक**

| डा. अनिल आर्य | यशोवीर आर्य | रामकुमार सिंह | महेन्द्र भाई | धर्मपाल आर्य |
|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | राष्ट्रीय उपाध्यक्ष | राष्ट्रीय महामंत्री | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |
| 9810117464 | 9312223472 | 9868064422 | 9013137070 | 9871581398 |

**केन्द्रीय कार्यालय : आर्य समाज, कबीर बस्ती, पुरानी सब्जी मण्डी, दिल्ली -110007**
Email: aryayouth@gmail.com • Website : www.aryayuvakparishad.com

# पाकिस्तानी हिन्दुओं का हुआ यज्ञोपवीत संस्कार





मंगलवार 21 मई 2013, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद्, दिल्ली के तत्वावधान में दादा मोटे का मन्दिर, भरथल गांव, विजवासन, नई दिल्ली में 482 पाक हिन्दुओं का यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। मुनि प्रताप जी (गुरुकुल खेड़ा खुर्द) एवं श्री महेन्द्र भाई जी (राष्ट्रीय महामन्त्री) ने यज्ञ करवाया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अनिल आर्य ने कहा कि कई गुरुकुल 70 बच्चों को गोद लेने के लिए तैयार है। सभी लोग इस महान कार्य में साथ आए। इस अवसर पर कैप्टन अशोक गुलाटी, डॉ. डी.के. गर्ग, श्री विद्यासागर वर्मा, श्री राम कुमार सिंह, श्री सुभाष दुआ, श्री शिशु पाल आर्य, श्री जगवीर सिंह आर्य, श्री भगत सिंह राठी, आचार्य अमन सिंह शास्त्री, श्री अग्नि वीर जी, श्री जीवन प्रकाश शास्त्री, श्री राजीव कुमार परम, श्री प्रेमकान्त बत्रा आदि ने अपने विचार रखे। सभी ने चौ. नाहर सिंह जी के इस सदप्रयास की खुले दिल से प्रशंसा की। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# हापुड़ आर्य वीरांगना सशक्तिकरण शिविर का उद्घाटन

चरित्रवान नारी से चरित्रवान राष्ट्र का निर्माण होगा– **आर्य नेता डॉ. अनिल आर्य**






रविवार 26 मई 2013, आर्य कन्या इन्टर कॉलिज, स्वर्ग आश्रम रोड, हापुड में आर्य उप–प्रतिनिधि सभा गाजियाबाद–हापुड, आर्य समाज हापुड एवं केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में आयोजित 26 मई से 2 जून तक 8 दिवसीय "आर्य वीरांगना सशक्तिकरण शिविर" का उद्घाटन केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ0 अनिल आर्य ने ओइम् ध्वजा फहराकर किया। उन्होने कहा कि ओइम् की पावन पताका विश्व बन्धुत्व का प्रतीक है। ध्वज का केसरिया रंग सूर्य की किरणों की तरह त्याग, बलिदान, समर्पण का प्रतीक है। और उपर बना हुआ ओइम् का चिन्ह सृष्टि के बनाने वाले का स्मरण कराता है। डॉ0 आर्य ने कहा कि चरित्रवान नारी ही राष्ट्र का आधार है। यदि नारी सुसंस्कृत और चरित्रवान होगी तो आगे आने वाली राष्ट्र की सन्तति भी चरित्रवान बनेगी।

हरिद्वार से पधारी डॉ0 प्राची आर्या के ब्रह्मत्व में महायज्ञ सम्पन्न हुआ। और कहा कि संस्कारों से ही व्यक्ति अपने कुल व समाज का नाम रोशन करता है और संस्कारवान नारी ही आदर्श समाज का निर्माण कर सकती है, इस दिशा में आर्य उप–प्रतिनिधि सभा गाजियाबाद–हापुड, आर्य समाज हापुड एवं केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् का प्रयास अत्यन्त सराहनीय है । शिविर में बालिकाओं को जो संस्कार दिये जा रहें वह उनके जीवन में सदैव काम आयेंगे और अच्छी भावी पीढ़ी के निर्माण में सहायक सिद्ध होंगे । उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द ने नारी उत्थान एवम् सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में जो योगदान दिया उसे भुलाया नही जा सकता । नारी स्वावलम्बी ओर स्वाभिमानी बने यह समय की मांग है।

दिल्ली से पधारे आत्मयोग संस्थान के अध्यक्ष आचार्य सत्यवीर ने कहा कि नारी में अतयंत शक्ति छिपी है। वह अपनी शक्ति को पहचाने। उसकी महानता नारीत्व के गुणों को धारण करने में है। फैशन की दौड में कपडों का चुनाव करके अपने नारीत्व के आदर्श स्वरूप को कम किया है। और उन्होनें अपने मधुर भजनों के माध्यम से श्रोताओं को मन्त्र–मुग्ध कर दिया। डॉ0 मालती भारती, अध्यक्ष नगरपालिका परिषद् हापुड ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि 8 दिन तक बालिकायें ज्ञान के साथ–साथ शक्ति का संचय भी करें। जिससे वह अपनी रक्षा स्वयं कर सकें। आज नारी का स्वावलम्बी होना आवश्यक है। श्रीमती माया आर्या, प्रधाना आर्य समाज हापुड ने बताया कि शिविर में लगभग 150 बालिकायें आठ दिन तक नैतिक शिक्षा, योगासन, संन्ध्या–यज्ञ, जूडो–कराटे, आत्म रक्षा शिक्षण, डम्बल, लेजियम, लाठी, भाषण कला, व्यक्तित्व विकास एवम् भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी कन्या गुरूकुल हाथरस से पधारी शिक्षिकायें सर्वसुश्री गायत्री, नीरेश, गीता, पूजा महेश्वरी एवं संयोजिकायें आशा सोमानी, राजकुमारी गुप्ता, अल्का अग्रवाल के सानिध्य में ग्रहण करेंगी।

श्री प्रवीण आर्य प्रान्तीय महामंत्री केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उ0प्र0 ने कहा कि चरित्रवान नागरिक ही राष्ट्र की सबसे बड़ी धरोहर व नींव है, इसके बिना राष्ट्र खोखला हो जाता है । उन्होंने कहा कि आज कन्या भ्रूण हत्या की समस्या बढ़ती जा रही है जो कि देश के लिए चिन्ता जनक है, हमें इसकी गम्भीरता को समझना चाहिए। श्री आनन्द प्रकाश आर्य, प्रान्तीय अध्यक्ष केन्द्रीय आर्य युवक परिषद एवं प्रधान आर्य समाज हापुड ने कहा कि वेद मार्ग पर चल कर ही मनुष्य का कल्याण सम्भव है । उन्होने मनुष्य को स्वः आत्मवत् व्यवहार करने के लिये प्रेरित किया। श्रीमति सुनीता गुप्ता मंत्री ने कहा कि अब नारी अबला नहीं सबला है, जब तक नारी सबल नहीं होगी तब तक जीवन में आने वाली समस्याओं से नहीं लड़ पायेंगी। इस अवसर पर सर्वश्री/श्रीमती नरेन्द्र आर्य, डॉ0 विकास आर्य, अनिल कसेरे, सुरेन्द्र कबाडी, वेदमित्र आर्यबन्धु, हरिओम सिंघल, वन्दना सिंघल, राहुल आर्य, सरिता गर्ग, वीना अग्रवाल, अनिता अग्रववाल, प्रीति सिंघल, कामिनी गोयल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।





**गुरुकुल कांगड़ी के कुलाधिपति बनने पर डॉ. रामप्रकाश जी को आर्य जगत की ओर से हार्दिक बधाई - डॉ. अनिल आर्य**

# दिल्ली आर्य कन्या चरित्र निर्माण शिविर का भव्य समापन

## आर्य जन कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्ध जनजागरण करें- **विधायक अनिल भारद्वाज**






रविवार, 26 मई 2013, केन्द्रीय आर्य युवती परिषद्, दिल्ली प्रदेश के तत्वावधान में गत 19 मई से आर्य समाज सन्देश विहार,दिल्ली में चल रहे ''आर्य कन्या चरित्र निर्माण शिविर'' का भव्य समापन हो गया। शिविर में 70 बालिकाओं ने आठ दिन तक नैतिक शिक्षा, योगासन, संन्ध्या-यज्ञ, जूडो-कराटे, आत्म रक्षा शिक्षण, डम्बल, लेजियम, लाठी, भाषण कला, व्यक्तित्व विकास एवम् भारतीय संस्कृति के बारे में जानकारी प्राप्त की।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री अनिल भारद्वाज (विधायक,दिल्ली सरकार) ने कहा कि संस्कारों से ही व्यक्ति अपने कुल व समाज का नाम रोशन करता है और संस्कारवान नारी ही आदर्श समाज का निर्माण कर सकती है, इस दिशा में आर्य युवती परिषद् का प्रयास अत्यन्त सराहनीय है। शिविर में बालिकाओं को जो संस्कार दिये जा रहें वह उनके जीवन में सदैव काम आयेंगे और अच्छी भावी पीढ़ी के निर्माण में सहायक सिद्व होंगे। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानन्द ने नारी उत्थान एवम् सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में जो योगदान दिया उसे भुलाया नही जा सकता। आर्य जनों से कन्या भ्रूण हत्या के विरूद्वजनजागरण अभियान चलाने का उन्होंने आह्वान किया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अनिल आर्य ने कहा कि चरित्रवान नागरिक ही राष्ट्र की सबसे बड़ी धरोहर व नींव है, इसके बिना राष्ट्र खोखला हो जाता है। उन्होंने कहा कि आज कन्या भ्रूण हत्या की समस्या बढ़ती जा रही है जो कि देश के लिए चिन्ता जनक है, हमें इसकी गम्भीरता को समझना चाहिए।

समारोह की अध्यक्षा आर्य नेता श्री शशि भूषण मल्होत्रा ने की तथा कहा कि चरित्रवान नारी ही समाज का मूल आधार है, यदि नारी सुशिक्षित, सुस्कृत, चरित्रवान होगी तो वैसे ही राष्ट्र का निर्माण कर सकेगी। श्री प्रवीन आर्य ने कहा कि वेद मार्ग पर चल कर ही मनुष्य का कल्याण सम्भव है। केन्द्रीय आर्य युवती परिषद् की शिविर संयोजिका उर्मिला आर्या ने कहा कि अब नारी अबला नहीं सबला है, जब तक नारी सबल नहीं होगी तब तक जीवन में आने वाली समस्याओं से नहीं लड़ पायेंगी। श्री विजयभूषण आर्य,श्रीमती सुषमा आर्या,आचार्य सत्यवीर शर्मा के प्रवचनों का बालिकाओं ने लाभ उठाया।

इस अवसर पर आर्य नेता मनोहरलाल चावला,नीता खन्ना, सीमा कपूर, वेदप्रभा बरेजा, सुदेशवीर आर्य, अजय पथिक, महामन्त्री अर्चना पुष्करणा, प्रवीन आर्या, विम्मी अरोड़ा, दुर्गाप्रसाद कालरा, सुषमा शर्मा, आचार्य नरेन्द्र मैत्रेय आदि ने भी अपने विचार रखे। बालिकाओं द्वारा व्यायाम प्रदर्शन के आकर्षक कार्यक्रम दिखाये गये। शिविर को सफल बनाने में दुर्गेश आर्य, रोजी आर्या, ज्ञान चन्द, नीता खन्ना, प्रदेश अध्यक्ष प्रभा सेठी, प्रवीन आर्य, सौरभ गुप्ता, सुधा वर्मा, सुदर्शन खन्ना, सुदेश भगत, रवि चड्डा आदि का विशेष योगदान रहा। ऋषि लंगर का आनन्द लेकर सभी विदा हुए।

शिविर उद्घाटन पर पार्षद श्री तिलकराम गुप्ता, श्री दर्शन अग्निहोत्री, श्रीमती सरोज अग्निहोत्री, श्रीमती रचना आहुजा आदि ने भी पधार कर अपना आशीर्वाद दिया।

# आर्य समाज भलस्वा डेरी का उत्सव सम्पन्न व गाजियाबाद में आर्य महासम्मेलन सम्पन्न






**रविवार, 19 मई 2013, आर्य समाज भलस्वा डेरी, दिल्ली का उत्सव सौल्लास सम्पन्न हुआ। चित्र डॉ. अनिल आर्य, आचार्य नन्द किशोर शास्त्री को सम्मानित करते हुए। साथ में श्री जयन्त पसरिचा, चण्डीगढ़। द्वितीय चित्र में गाजियाबाद, 19 मई 2013, आर्य उपप्रतिनिधि सभा गाजियाबाद के तत्वावधान में त्रिदिवसीय विराट आर्य महासम्मेलन श्री छोटेलाल मैमोरियल हाई स्कूल अटोर नंगला, फिरोजपुर मोहनपुर, गाजियाबाद में शानदार सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। स्वामी श्रद्धानन्द सरस्वती के ब्रह्मत्व में राष्ट्र चेतना यज्ञ सम्पन्न हुआ। महाशय सहदेव बेधडक एवं श्रीमती संगीता आर्या ने अपने मधुर भजनों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस अवसर पर सर्वश्री आनन्द प्रकाश आर्य, डॉ. अनिल आर्य, तेजपाल सिंह, सुरेश आर्य, राहुल आर्य, सत्यवीर चौधरी, जिला मंत्री नरेन्द्र आर्य, कृष्णपाल आर्य, पवन आर्य, प्रमोद आर्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।**

# श्री शशि भूषण मल्होत्रा व श्री आशीष आर्य का अभिनन्दन





**आर्य समाज सन्देश विहार, दिल्ली के प्रधान श्री शशि भूषण मल्होत्रा के 75 वें जन्म दिवस पर भव्य अभिनन्दन किया गया। चित्र में विधायक श्री अनिल भारद्वाज, डॉ. अनिल आर्य, श्री यशोवीर आर्य, श्री महेन्द्र भाई जी अभिनन्दन करते हुए। साथ में सुपुत्र राजीव कुमार। द्वितीय चित्र में आर्य समाज, पीतमपुरा, दिल्ली के मन्त्री श्री सोहन लाल आर्य के सुपुत्र श्री आशीष आर्य ''सेशन जज'' चुने गए तथा महेन्द्रगढ़, हरियाणा में नियुक्त हुए। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की ओर से हार्दिक बधाई।**

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मयक प्रिंटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली-5 दूरभाष : 41548504 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी-176-177, कबीर बस्ती, दिल्ली-7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक :** दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970